कार्यालय, जनपद न्यायाधीश, मुरादाबाद।

संख्या- 226 /2022 दिनांकः 12 दिसम्बर, 2022

विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के परिपत्र संख्या-14/Admin 'D' Section Dated 15-10-2022 के अनुक्रम में जनपद न्यायालय, मुरादाबाद में निम्न रिक्त पदों पर जनपद न्यायालय से सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारूप (संलग्न) पर आवेदन-पत्र दिनांक 02-01-2023 की सायं 05.00 बजे तक आमंत्रित किए जाते हैंः-

क्र.सं.	पदनाम	रिक्त पदों की संख्या	सम्बन्धित पद से सेवानिवृत्त कर्मिकों के दिए जाने वाले मानदेय की धनराशि
1	मुख्य प्रशासनिक अधिकारी	01	Principal of last pay drawn minus amount of pension
2	प्रशासनिक अधिकारी	01	तदैव
3	प्रधान सहायक	09	तदैव
4	वरिष्ठ सहायक	34	तदैव
5	कनिष्ठ सहायक	10	तदैव
6	पेड अप्रेन्टिस	03	तदैव
7	आशुलिपिक ग्रेड-I	02	तदैव
8	आशुलिपिक ग्रेड-II	06	तदैव
9	आशुलिपिक ग्रेड-III	29	तदैव
10	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	30	तदैव

नोटः-

1- उक्त पदों पर चयनित कर्मचारीगण का कार्यकाल
 (i) कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से एक वर्ष या
 (ii) उस पद पर सीधी भर्ती या पदोन्नति होने या
 (iii) 65 वर्ष की आयु पूर्ण होने,
 (iv) जनपद न्यायाधीश द्वारा कार्य एवं व्यवहार सन्तोषजनक न पाए जाने पर,
 जो भी पहले हो, तक के लिए होगा।

2- यह पुनर्नियुक्ति साक्षात्कार एवं अंतिम पांच वर्ष की चारित्रिक प्रविष्टियों के आधार पर की जायेगी।

3- आवेदक के विरूद्ध कोई आपराधिक मुकदमा पंजीकृत एवं लम्बित न हो तथा उसे किसी न्यायालय द्वारा किसी मामले में दोषसिद्ध न किया गया हो।

4- पुनर्नियुक्त कर्मचारीगण की सेवा जनपद न्यायाधीश या पीठासीन अधिकारी/प्रभारी अधिकारी द्वारा कार्य, व्यवहार एवं आचरण अनुपयुक्त पाए जाने पर तत्काल रूप से समाप्त कर दी जायेंगी।

5- पुनर्नियुक्ति कर्मचारीगण को अन्तिम आहरित मूल वेतन में से पेंशन की राशि (नकदीकरण के पूर्व) को घटाकर परिलब्धियों का भुगतान किया जाएगा।

6- उक्त आवेदन प्रशासनिक कार्यालय, जनपद न्यायालय, मुरादाबाद में मूल रूप से स्वीकार्य होंगे।

7- पुनर्नियुक्ति हेतु साक्षात्कार की प्रक्रिया अपनायी जायेगी। अभ्यर्थी दिनांक 03-01-2023 को साक्षात्कार हेतु प्रातः 10.00 बजे जनपद न्यायालय परिसर स्थित मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के कार्यालय में उपस्थित होंगे। साक्षात्कार हेतु उपस्थित अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का यात्रा-भत्ता देय नहीं होगा।

प्रशासनिक अधिकारी, केन्द्रीय नाजिर एवं लेखा लिपिक को निर्देशित किया जाता है कि, उक्त विज्ञप्ति को सेवानिवृत्त कर्मचारियों के मध्य परिचारित एवं नोटिस बोर्ड पर चस्पा करें। सिस्टम ऑफिसर/टी0 एम0 पी0 को निर्देशित किया जाता है कि, विज्ञप्ति को जनपद न्यायालय, मुरादाबाद की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करें एवं माननीय उच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें।

जिला सूचना अधिकारी, मुरादाबाद को राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशनार्थ विज्ञप्ति की प्रति भेजी जाये।

सम्बन्धित सूचित हों।

जनपद न्यायाधीश,
मुरादाबाद।
12/12/2022

B/O
Administrative Clerk
Office of the District Judge
Moradabad

जनपद न्यायालय, मुरादाबाद में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र

(माननीय उच्च न्यायालय के पत्रांक संख्या– 14/Admin 'D' Section Dated 15.10.2022 के अनुपालन में)

आवेदित पद का नाम –

नवीनतम पासपोर्ट आकार की फोटो (स्वप्रमाणित)

1. आवेदक का नाम–..

2. पिता/ पति का नाम–...

3. जन्म तिथि–...

4. सेवानिवृत्ति की तिथि–...

5. जनपद न्यायालय का नाम(जहां से सेवानिवृत्त हुए हैं)–..

6. अन्तिम धारित पद–...

7. अन्तिम आहरित मूल वेतन–..

8. स्थायी पता–...

....

....

9. अस्थायी पता–..

....

....

10. मोबाइल नम्बर–...

11. ई–मेल आई. डी. –..

घोषणा–पत्र

मैं इस आशय की घोषणा करता हूं / करती हूं कि मैं शारीरिक रूप से स्वस्थ हूं एवं जनपद न्यायालय, मुरादाबाद में आवेदित पद पर कार्य करने हेतु सक्षम हूं। मेरे विरूद्ध कोई भी आपराधिक कार्यवाही लम्बित नहीं है और न ही मुझे किसी न्यायालय द्वारा दोषसिद्ध किया गया है। मेरे सेवाकाल के अन्तिम पांच वर्षों में मुझे कोई प्रतिकूल प्रविष्टि प्राप्त नहीं हुई है। उपरोक्त सभी सूचनायें मेरी व्यक्तिगत जानकारी में सत्य हैं। यदि किसी समय उक्त सूचनायें गलत पायी जाती हैं तो उसकी पूर्ण रूप से जिम्मेदारी मेरी होगी। पुनर्नियुक्ति हेतु सभी नियम व शर्तें मुझे स्वीकार हैं।

दिनांक–......................

स्थान– ....

आवेदक के हस्ताक्षर